सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 भाद्र 05, गुरुवार, शाके 1948– अगस्त 27, 2026 अंक 22
Vol. 78 Bhadra 05 , Thursday, Saka 1948 –August 27, 2026 No. 22

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ पत्र

मैं फारूक खान पुत्र श्री रेयाज खान उम्र 40 वर्ष जाति मुस्लिम निवासी मदीना कॉलोनी चौमू तहसील चौमू जिला जयपुर (राजस्थान) 303702 का हूँ जो निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि:–

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह है कि मेरी पुत्री साहिना बानो का नाम मेरे राशन कार्ड संख्या 106002100362 मे सहवन से उसका नाम सायरा (SAYRA) अंकित हो गया है जबकि मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक दस्तावेजो एवं जन्म प्रमाण पत्र आदि में उसका नाम साहिना बानो अंकित है जो सही एवं दुरुस्त है।
3. यह है कि अब मैं मेरी पुत्री के नाम में संशोधन कर सायरा (SAYRA) के स्थान पर उसका सही नाम शिक्षा रिकार्ड के अनुसार साहिना बानो (Sahina bano) करवाना चाहता हूँ।
4. यह है कि उपरोक्त वर्णनानुसार नाम परिर्वतन करवाना चाहता हूँ भविष्य में मेरी पुत्री के नाम के सम्बन्ध मे कोई आपत्ति या एतराज होगा अथवा पुलिस थाना न्यायालय आदि का मामला पाया जाता है जो मेरी पुत्री के नाम से सम्बंधित हो तो उसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा।
5. यह है कि उक्त शपथ–पत्र मे गजट नोटिफिकेशन मे प्रस्तुत कर रहा हूँ।
6. यह है कि उक्त शपथ–पत्र को मेरी बतोर साभी साक्षी जावे।

फारूक खान
ह. शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं, उपरोक्त शपथग्रहीता बहल्फ सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ–पत्र में वर्णित मद सं. 1 ता 6 मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सही एवं सत्य है, इसमें कोई भी तथ्य छिपाया गया नही है, ईश्वर हमारा साक्षी है।

फारूक खान
ह. शपथग्रहीता

ATTESTED
MOOL CHAND SAINI
22-06-2026
NOTARY PUBLIC
CHOMU DISTT. JAIPUR
18120

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।